राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिन पर स्वागत कार्यक्रम व रक्तदान शिविर आयोजित

पावटा, (निसं)। राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं चुरू विधायक राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रेरित मानव सेवा सप्ताह अभियान के तहत रविवार को पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनखड़ के नेतृत्व में विराटनगर स्थित प्रेम गार्डन में भारतीय जनता पार्टी के सामाजिक न्याय सप्ताह अभियान को लेकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी दौरान पंसारी होटल एण्ड रिसोर्ट महरोज रोड आंतेला में पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर तथा स्वागत समारोह का आयोजन किया। वहीं पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में होटल होली डे फन में भव्य स्वागत कार्यक्रम व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं में जोश देखने को मिला व राजेंद्र सिंह राठौड़ को युवा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने आतिशबाजी करते हुए खुशियां व्यक्त की एवं जुलूस के रूप मे कंधे पर बिठाकर मंच तक लेकर आये। जहां गोपाल अग्रवाल व पूर्व सरपंच दौलत राम ठिकरिया द्वारा 51 किलो की माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

जन्मदिन के मौके पर पावटा पहुंचे राजेन्द्र सिंह राठौड़ का भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किय।

वहीं जनप्रतिनिधियों व सर्वसमाज के के लोगों द्वारा माल्यार्पण व साफा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह के रूप में उनके मित्र स्व. दिगबर सिंह के साथ की छायाचित्र व हल भेंट किया गया। जहां स्व. मित्र के साथ अपनी फोटो देख उनकी आंखों से आंसू छलक पडे। वहीं गोपाल अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक राजेंद्र सिंह राठौड के जन्मदिवस पर होटल होली डे फन में भव्य स्वागत कार्यक्रम के साथ केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया।

वहीं वहां से काफिले के साथ राठौड़ ग्राम राजनौता पहुंचे जहां पावटा प्रधान पूजा चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता जगन चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, पावटा पंचायत समिति उप प्रधान राजेंद्र सिंह शेखावत, पिंकी कंवर व समस्त भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में प्रधान मैरिज गार्डन राजनौता में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर तथा स्वागत समारोह आयोजित किया गया। वहीं राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चुरू राजेंद्र सिंह राठौड के जन्मदिवस पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के दौरान सुबह से ही शिविरों में महिलाओं और युवाओं की भीड उमड पडी और बडी तादाद में महिलाएं और लडकियां और युवाओं में रक्तदान करने की होड सी मच गई।

वही- नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड ने पहुंच कर रक्तदान शिविर का अवलोकन किया और सभी रक्तवीरों का आभार व्यक्त करते हुए कहाँ कि मानव सेवा के लिए रक्त की कमी नहीं रहने देंगे सभी कार्यकर्ताओं का प्रण है। नेता प्रतिपक्ष राठौड ने बताया कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मेरे प्रति स्नेह दिखाकर साबित किया है कि पीडित मानव की सेवा में सबसे बडा दान रक्तदान के लिए सबसे आगे हैं, यहां के लोग पीडित मानव की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं। कलयुग मे मांगने पर भी कोई चीज नही मिलती और यहाँ बिना मांगे रक्त का दान दुर्घटनाग्रस्त व आपातकालीन स्थिति में रक्तवीरों की धमनियों से निकला रक्त जीवन व मृत्यु से संघर्ष कर रहे किसी भी जरूरतमंद की जान बचा सकता है।

इस दौरान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं व शिविर में भाग लेने वाली समस्त चिकित्सा संस्थाओं की टीम तथा स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया और उनकी हौसला अफजाई की। वहीं राठौड ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है। प्रदेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। इस दौरान जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा सहित भाजपाई व बडी संया मे समर्थक मौजूद रहे।

जयकारों के साथ प्रभात फेरी निकली

टोंक, (निसं)। सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह पखवाड़े के उपलक्ष में रविवार को प्रभात फैरी का आयोजन किया गया।

महासभा के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में रामकृष्ण मंदिर से सैंकडों समाजबंधुओं के साथ रवाना हुई प्रभात फेरी को संत रामनिवास महाराज रामद्वारा, संत कोमलराम, महंत सुरेश दुबे, पंडित राजकुमार शर्मा, सदगुरु आश्रम ने रवाना किया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने भगवान की झांकी के आगे नृत्य किया एवं युवा भगवान परशुराम जी के जयकारों के साथ चले। प्रभात फैरी का शहर में व्यापार मंडल एवं सामाजिक संगठनों से जुडे लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। प्रभात फैरी का समापन पटेल सर्किल पर भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर संयोजक विष्णुदत्त खांडल, बाबूलाल शर्मा, अमीन, ब्रजराज स्नेही, हनुमान प्रसाद बोहरा, प्रकाश पाठक, प्रहलाद नीमावत, उमा शंकर उपाध्याय, पंडित पवन सागर, महेश जोशी, गोपीकृष्ण जोशी, इंदुशेखर शर्मा टोडा, प्रदीप पारीक, राजेश भट्ट, सुनील शर्मा निवाई, राजेश जोशी उनियारा, चंद्रप्रकाश शर्मा, विष्णु पारीक, ओम प्रकाश शर्मा, भंवर लाल शर्मा, दुर्गा लाल शर्मा, विप्र फाउंडेशन के राजेश शर्मा, अशोक शर्मा डिग्गी, अंकित शर्मा आदि रहे।

गुलेच्छा के नेतृत्व में सी.एम. से उद्यमी मिले

जयपुर, (निसं)। बजट घोषणाओं में टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज को दी गई सौगातों तथा पाली को संभाग बनाए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित करने के लिये पाली टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज का लगभग सात सौ उद्यिमयों का प्रतिनिधिमंडल केवलचन्द गुलेच्छा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास पर आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिला।

सर्वप्रथम पाली के पूर्व सभापति, वरिष्ठ उद्यमी एवं राजस्थान स्वायत्त शासन संस्था के अध्यक्ष केवलचंद गुलेच्छा ने साफा पहनाकर स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में बिना मांगे ही पाली को संभाग बनाये जाने पर पाली की जनता की ओर से हार्दिक आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणाओं में टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज को प्रदान की गई सौगातों, सीईटीपी स्कीम में अधिकतम 75 करोड़ सब्सीडी की घोषणा, विगत तीस सालों से सीईटीपी की जमीनों के नियमितिकरण करने, जिला कलेक्टर, उद्योग विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से लंबित विसंगतियों के निराकरण तथा विगत साढे चार साल में एक दिन भी इण्डस्ट्री बन्द नहीं होने के साथ ही टेक्सटाइल उद्योग के विकास के नये आयामों को छूने में सरकार के सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। सीईटीपी अध्यक्ष अनिल गुलेच्छा, सचिव अरुण जैन, सहित राजस्थान टैक्सटाइल हैंड प्रोसेसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय बंब, उपाध्यक्ष रतन मालू, मंडीया रोड एसोसिएशन के सचिव सूर्यप्रकाश चोपड़ा, इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन के शांतिलाल गुलेच्छा, विकास चौधरी, पुनायता एसोसिएशन के लालचंद लसोड़ सहित वरिष्ठ उद्यमी सज्जन धारीवाल, वरिष्ठ नेता सुमित्रा जैन, मांगीलाल गांधी, प्रदीप हिंगड़ सहित उद्यमी रंगराज मेहता, पदम डागा, संदीप मेहता, शिव प्रकाश प्रजापत, सलीम सागर, परवीन कोठारी तथा सभी एसोशिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सूत की माला पहनाकर स्वागत किया। केवलचन्द गुलेच्छा ने सरकार के साथ-साथ जिला प्रशासन एवं जिला कलेक्टर नमित मेहता द्वारा लगातार प्रदूषण मिटाने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं इससे उद्यिमयों और किसानों को जो राहत मिली इस हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया । मुख्यमंत्री ने एक साथ पाली के उद्यिमयों के जयपुर आने पर स्वागत करते हुए उनको धन्यवाद भी दिया एवं उनके द्वारा इंडस्ट्री में सरकार द्वारा जो सहयोग किया जा रहा है इसकी विविध योजनाओं की जानकारी भी दी। पाली के प्रदूषण निवारण की तरफ बढ़ते कदम की भी सराहना करते हुए टेक्सटाईल उद्योग को हर संभव मदद प्रदान करने का आश्वासन भी दिया ।

विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

निवाई, (निसं)। स्थानीय कुण्डों पर स्थित बैरवा धर्मशाला में बैरवा समाज के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को महेश कुमार बैरवा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। ने बताया कि विवाह सम्मेलन में 21 जोडे नहीं होने के कारण पंजीयन तिथि 15 अप्रेल की जगह 25 अप्रेल तक रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में भामाशाह सुरेश मिस्त्री एफसीआई, महेश कुमार बैरवा, अध्यापक रतिराम बैरवा एवं सिद्धार्थ बंशीवाल द्वारा विवाह सम्मेलन में सहयोग करने की घोषणा करने पर उनको सम्मानित किया गया। कार्य संयोजक रामदयाल गुणावत ने बताया कि विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव व ढाणी-ढाणी में लोगों से सम्पर्क करके विवाह सम्मेलन में सहयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे है। बैठक में रामप्रसाद बैरवा चैनपुरा, कैलाशनारायण बैरवा, जगदीश बैरवा, मोहन बैरवा, दिनेश कुमार बैरवा, हरिराम बैरवा, कैलाशचन्द बैरवा एवं प्रदीप बैरवा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया

टोंक, (निसं)। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पुलिस टोंक द्वारा 13 अप्रेल से 15 अप्रेल तक स्वच्छता अभियान सहित कई रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये, जिसके अन्तर्गत 15 अप्रेल को पुलिस लाईन में हुए सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज, अति. पुलिस अधीक्षक टोंक भवानी सिंह राठौड, एएसपी श्रीमन लाल मीणा द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों द्वारा खेलकूद, शिक्षा सहित विभिन्न क्षैत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने बताया कि परेड के पश्चात साईबर सेल के हैड कांनि. राजेश गुर्जर सहित 35 पुलिसकर्मियों को सर्वश्रेष्ठ पुलिस कार्य करने पर उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला पुलिस टोंक द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक टोंक भवानी सिंह राठौड, एएसपी श्रीमन लाल मीणा, वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद, शकील अहमद उनियारा, इन्दू लोदी पीपलू, संदीप सारस्वत निवाई सहित जिले के थानाधिकारी, रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन राष्ट्रीय संयोजक अकबर खान, पार्षद सुनील बंसल, हंसराज गाता, प्रदीप पंवार आदि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने साईबर सेल के हैड कांनि. राजेश गुर्जर को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

डी.एस.पी. से शिष्टमंडल मिला

खैरथल, (निसं)। पिछले पखवाड़े में शहर के हेमू कालाणी चौक पर फल विक्रेता से मारपीट करने के मामले में संयुक्त व्यापार महासंघ का शिष्टमंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा के नेतृत्व में डीएसपी से मिला। रविवार को स्थानीय पुलिस थाने पर आए डीएसपी जयप्रकाश बैनीवाल से मिले शिष्टमंडल ने भेंट कर फल विक्रेता पर सामुहिक हमला करने के मामले में शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की मांग की।

इस मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी मुनेश को पूर्व में गिरफ्तार किया था। शिष्टमंडल ने आरोपी पक्ष की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी को झूंठा बताते हुए गहन जांच कर एफ आर लगाने की भी मांग करते हुए कहा कि घटनास्थल पर लगे सरकारी व निजी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने से सच्चाई सामने आ जाएगी। इसी दौरान जाटव समाज का भी एक शिष्टमंडल पूर्व डीएसपी से मिलने पहुंचा और महासंघ के शिष्टमंडल के साथ बैठा।उन्होंने भी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मंशा जताई। इस अवसर पर खैरथल के थानाधिकारी अंकेश कुमार भी मौजूद रहे।

चिकित्सा मंत्री ने इंदिरा रसोई का औचक निरीक्षण किया

लालसोट/मंडावरी, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने रविवार देर शाम करीब साढे आठ बजे मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र के कृषि उपज मंडी समिति के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित केशव आदर्श विद्या मंदिर समिति द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से संचालित इंदिरा रसोई संख्या 503 का औचक निरीक्षण किया।

इस इंदिरा रसोई के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे चिकित्सा मंत्री को देखकर वहां कार्यरत कार्मिक एक बार तो हक्के बक्के रह गए। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा इंदिरा रसोई का बारीकी से जायजा लेते हुए निरीक्षण किया। मंत्री मीणा द्वारा इंदिरा रसोई में भोजन ले रहे लाभार्थियों से इंदिरा रसोई की मेहमानवाजी एवं वहां दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को लेकर जानकारी ली गई। जहां निरीक्षण के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा को वहां भोजन कर रहे लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि वे नियमित रूप से यहां इंदिरा रसोई में खाना खाने आते हैं एवं यहां की गुणवत्ता सही होने के चलते वे घर से ज्यादा इंदिरा रसोई के खाने को महत्व दे रहे हैं। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा इंदिरा रसोई की व्यवस्थाओं एवं दिए जा रहे गुणवत्ता पूर्ण भोजन को चख कर वहां की साफ-सफाई को देखकर रसोई संचालक खेमराज जोशी की पीठ थपथपाते हुए कहा गया कि जितना ज्यादा हो सके इंदिरा रसोई के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोग जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जाए। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि मंडावरी कृषि मंडी के सामने चल रही इंदिरा रसोई अपने आप में एक मॉडल है। ससे पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र द्वारा भी रसोई का औचक निरीक्षण लालसोट नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र की मौजूदगी में किया गया था।

मंडावरी कस्बे में कृषि मंडी के सामने संचालित इंदिरा रसोई का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने निरीक्षण किया।

तीन उप स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास

रामगढ़ पचवारा/ लालसोट/ मंडावरी, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा शनिवार को रामगढ़ पचवारा व लालसोट उपखंड क्षेत्र के नव सृजित करीब सवा करोड़ लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र सिंदोली उप स्वास्थ्य केंद्र, राजोली व उप स्वास्थ्य केंद्र टोडा ठेकला के नवीन भवन का शिलान्यास किया गया।

नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र मौजूदा समय में चिकित्सा के क्षेत्र में एक मॉडल बनकर उभरा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राइट टू हेल्थ लागू होने से स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति निजी चिकित्सालय भी आम लो आम मरीज के लिए उत्तरदाई रहेंगे। पचास बेड से अधिक क्षमता वाले चिकित्सालय राइट टू हेल्थ नियम की पालना करेंगे इससे निजी चिकित्सालय पहुंचने वाले मरीजों का समुचित उपचार हो सकेगा।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि इन साडे 4 सालों के दौरान विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास हुआ है। मंत्री मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन नव सृजित उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन का निर्माण कार्य 41 लाख रुपए प्रति उपस्वास्थ्य केंद्र की लागत से अधिकतम 6 माह की अवधि में किया जावेगा।

उप स्वास्थ्य केंद्र शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका लालसोट के चेयरमैन एवं पीसीसी सदस्य पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र ने कहा कि पूरे प्रदेश में लालसोट चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में अलग मुकाम रखता है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर पर कलर एक्सरे सीबीसी मशीन आदि जैसी विधानसभा क्षेत्र लालसोट में जो सुविधा उपलब्ध है उपलब्ध है वह कहीं भी नहीं है।

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मिश्रा चेयरमैन नगरपालिका लालसोट कौशल्या मीणा प्रधान रामगढ़ पचवारा नाथू लाल मीणा प्रधान लालसोट दिनेश मिश्रा पीसीसी सदस्य दीपक पुरोहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालसोट पुर्व पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास हेमराज मीणा सरपंच संघ अध्यक्ष डॉ धीरज शर्मा बीसीएमओ मनोनीत पार्षद जीतू बडाया कमलेश सैनी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

रात के समय बिजली कटौती से जनता परेशान

श्रीमाधोपुर, (निसं)। अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र के लाखों उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।

उपभोक्ताओं ने बताया कि शाम को दो वक्त की रोटी बनाना व देवी देवताओं की पूजा अर्चना के समय बावड़ी, ठीकरिया, मलिकपुर श्रीमाधोपुर के ग्रामीण क्षेत्र पृथ्वीपुरा फिडर ढाणी जयरामकावाली सहित कई ढाणियों में रात को बिजली नहीं आने से ग्रामीण लोग परेशान हैं वहीं पास में सिटीलाइट होने से दूसरे पोल पर ही बिजली आती रहती है। क्षेत्रों में बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि गर्मी के समय में तो बिजली सुचारू रूप से देनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ऐसा भेदभाव क्यों किया जाता है।

शहरों में तो रोशनी दूसरी तरफ गांवों में अंधेरा रखा जाता है। गर्मी में बिजली कटौती के कारण रात्रि को नन्हे मुन्ने बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है दूसरी तरफ बच्चों की परीक्षा चल रही है ऐसे में परीक्षा की तैयारी भी सही नहीं हो पाती है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री से ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से विधुत सप्लाई देने की मांग की है।

सार-समाचार

जेवर सहित नगदी चोरी

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे के तलुण्डी मोहल्ले में स्थित मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवर सहित नगदी लेकर पार हो गए। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार तलुण्डी मोहल्ला निवासी मोहन लाल तिवाड़ी और उनका बाद भाई एक बिल्डिंग में रहते हैं, बड़ा भाई का परिवार मकान के निचले हिस्से में रहता है और मोहन लाल ऊपर वाले हिस्से में निवास करता है। वहीं मोहन लाल के बच्चे जयपुर में रहकर पढाई करते हैं, तो मोहन लाल और उनकी पत्नी करीब दो माह से जयपुर अपने बच्चों के पास मकान का ताला लगाकर गए हुए थे। 15 अप्रैल को समय करीब रात 9 बजे भतीजा अजय ने फोन करके बताया कि मकान का गेट तरफ दक्षिण वाला खुला हुआ है। जब मोहन लाल और उनकी पत्नी ने आकर मकान को देखा तो बक्से खुले हुये एवं कपडे बिखरे हुये थे। सामान चैक किया तो सोने का कुण्डल, हार, नथ टीका, झुमकी, अगूठी, टोपस, करीब कुल 8 तोला सोना चांदी के आईटम, पायजेब 4 जोडी, टूट-फुट 600 ग्राम चांदी, चवन्नी, अठन्नी सिक्के, लक्ष्मी सिक्के करीब 400 ग्राम चांदी एवं 60 हजार रूपये नकद चोरी कर ले गया। पीड़ित मोहन लाल ने रविवार को नारायणपुर पुलिस थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया हैं ।

पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी आयोजित

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे के मानसरोवर जोहड़ में स्थित हनुमान जी महाराज के मंदिर परिसर में रविवार को आदर्श विद्या मंदिर के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रांत संयोजक अशोक शर्मा, डॉ, बीसी जाट, डॉ.रीता भार्गव, राजेश यादव, विभाग प्रचारक नरेश आदि ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने-अपने विचार रखे। पर्यावरण को बचाने पर जोर दिया । इस मौके पर गौरक्षक जितेन्द्र शर्मा, बाबूलाल शर्मा, अशोक सैनी, उपसरपंच आकाश अग्रवाल, मोहन लाल आत्रै, मुकुट केदावत, पवन पुजारी, सरदारा राम मीणा, कमलेश जोशी, देवेन्द्र सिंह शेखावत, सुनील कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

सैकड़ों लोगों ने ध्यान व योग किया

सांभरझील, (निसं)। कस्बे में संचालित सांभर साल्ट लिमिटेड कार्यालय पर तीन दिवसीय निःशुल्क योग एवं ध्यान शिविर हार्टफुलनेस संस्थान और संस्कृति मंत्रालय(भारत सरकार) के द्वारा हिंदुस्तान, सांभर साल्ट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन बहन हेमलता, शिमला भारद्वाज, द्वारा बच्चो को ब्राइटर माइंड, मुद्रा लगाने का अभ्यास कराया, मुख्य अतिथि नरपत सिंह राठौड़ आईपीएस, ने प्रशिक्षक के रूप में सभी को ध्यान का अभ्यास कराया। आर्य समाज के योग गुरु द्वारका प्रसाद सोनी व पवन अग्रवाल द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर एडीजे बृजेश कुमार शर्मा, जीएम कर्नल रक्षपाल सिंह खंगारोत, नावां जीएम कमांडर सतीश दशरथ चांडेकर, वरिष्ठ प्रबंधक दिलबाग सिंह, वित एवं लेखा प्रबंधक सुनील भंडारी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कुर्सी के खेल में प्रदेश को लूटने वाली इस सरकार की विदाई तय : राजेन्द्र राठौड़

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं चूरू विधायक राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मानव सेवा सप्ताह के तहत 16 अप्रेल रविवार को होटल आरटीएम कोटपूतली में रक्तमणि अभियान के संयोजन में भाजपा नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रातः 10 बजे से ही बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने आकर रक्तदान करना प्रारम्भ किया। शिविर में कुल 425 युवाओं का पंजीयन हुआ जिसमें से मेडिकली फिट 356 युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ भी पधारे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने शिविर में रक्तदान करने वाले गौरवशाली रक्तदाताओं व शिविर आयोजक मुकेश गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और जीवन रक्षा के इस पुण्य कार्य से बड़ा कोई कार्य नहीं है। इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि पिछले साढे चार वर्षों में कोटपूतली की पहचान अपराध व भ्रष्टाचार के मामले में बन गई है। राजमद के प्रभाव में जहां से चाहा वहां से खोदा, जहां से चाहा वहां से तोड़ा व जहां से चाहा वहां से मोड़ा की तर्ज पर कोटपूतली का बन्टाधार कर दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लूट व झूठ की इस सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि वर्ममान सरकार ने कुर्सी के खेल में राजस्थान को बहुत पीछे धकेल दिया है। राठौड़ ने कहा कि शिवर में रक्तदाताओं को उत्साह यह दर्शाता है कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सर्वकल्याण के भाव से प्रेरित हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने रक्तदाताओं को प्रशस्ती पत्र देकर उनका सम्मान भी किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, भाजयुमो के पूर्व प्रदेष महामंत्री राजकुमार देवायुश सिंह, जमवारामगढ के पूर्व प्रधान रघुवीर चौधरी व किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री गुड्डू सैनी भी उपस्थित थे। शिविर में रक्तमणि संयोजक एवं भाजपा नेता मुकेश गोयल ने रक्तदाताओं एवं कार्यक्रम में पधारे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में राजकीय बीडीएम की टीम सहित 4 टीमों ने रक्त संग्रहण किया।

> ■ नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन पर आयोजित शिविर में हजारों कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया

इस अवसर जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, जिलामंत्री सुभाष चन्द शर्मा, मण्डल अध्यक्ष सुभाष घोघड़, रानी रत्ना कुमारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आरती सिंह, सरोज गोयल, अजबपुरा (नारायणपुर) सरपंच प्रियंका नरूका किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूरणमल सैनी, मन की बात जिला प्रभारी अशोक सुरेलिया, पूर्व चेयरमैन महेन्द्र सैनी, एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष प्रमोद गुरूजी, उप प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र रहीसा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, सिद्धार्थ टोरड़ा, राजनाथ महाराज कांसली, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बंसल, कैलाश चन्द टेलर, पूरण मल सैन, वैद्य सुरेश चन्द शर्मा, विक्रम फाईनेन्सर, मुकेश कसाना, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, प्रतिनिधि नरेन्द्र यादव, अमीचन्द धानका, राकेश पाल सिंह, पं.स.स. प्रतिनिधि सुधीर यादव, सैनिक प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक अजीत सिंह चौहान, बगुला प्रसाद स्वामी, दिलीप यादव, किशनलाल मीणा, कबूल, प्रदीप, अजय कुमार, पूर्व भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रमन सैनी, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष अमित सैनी, नत्थु सिंह तँवर, रजत बंसल, डिप्टी चौधरी, श्रीचन्द जाट, शंकर चेतीवाल, प्रदीप नारनौलिया, अमरसिंह धानका, रमेश किताबवाले, चेतराम गुर्जर, श्रवण अग्रवाल, जयसिंह दरबार, दीनदयाल धानका, धर्मेन्द्र गोयल, सुमित सोनी, भूपेन्द्र यादव, हिमांशु मिश्रा, पंकज सेरावत, पैपसिंह तँवर, लक्की सेहरा, सुभाष आर्य, किरोड़ी लाल अग्रवाल, कृष्ण सिंह, हिम्मत सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व युवा उपस्थित रहे।

वहीं राठौड़ के जन्मदिवस पर रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना द्वारा कस्बा स्थित शरणम पैराडाईज मैरीज गार्डन में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां अपार जोश व उत्साह से भाग लेते हुए युवा कार्यकर्ताओं द्वारा रिकॉर्ड कुल 809 यूनिट रक्तदान किया गया। दिन भर चले कार्यक्रम में प्रियंका चौधरी एण्ड पार्टी द्वारा रागिनी कम्पीटीशिन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जहां हजारों की संख्या में आमजन व कार्यकर्ताओं का हुजुम कार्यक्रम में डटा रहा। रविवार शाम नेता प्रतिपक्ष राठौड़ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां उनका कसाना के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 मीटर लम्बा साफा एवं 51 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में झूठ और लूट की सरकार है। चारों ओर भय, भूख और भ्रष्टाचार का माहौल है। कानून व्यवस्था चौपट है, गहलोत सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। हाल ही में नव गठित कोटपूतली-बहरोड़ जिले पर तंज कसते हुए राठौड़ ने कहा कि एक ओर जहां स्थानीय विधायक व गृह राज्यमंत्री इसका श्रेय ले रहे है, वहीं दूसरी ओर बहरोड़ के कांग्रेस नेता भी माला पहनकर जश्न मनाने में व्यस्त है। राठौड़ ने निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा जिला नहीं देखा जिसकी कलेक्ट्रेट 35 किमी लम्बी हो। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक कसाना ने राठौड़ का आभार व्यक्त करते हुए प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर का चित्र भी भेंट किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, राजकुमार देवायुश सिंह शाहपुरा, गौरव यादव, रानी रतना कुमारी, पूर्व चेयर